# यहाँ **स्कैन करें**

**QR कोड स्कैन करें और ऑस्ट्रेलिया में बायोसिमिलर दवाईयों के बारे में और जानने के लिए Biosimilar Hub पर जाएँ**

**biosimilarhub.com.au**




# बायोसिमिलर (BIOSIMILAR) दवाईयाँ

## क्या आपको पता था?

**बायोलॉजिक्ल (Biological – जैविक) दवाईयाँ** वे दवाईयाँ होती हैं जिन्हें जीवित कोशिकाओं या जीवों से बनाया जाता है। ये आम-तौर पर मानव शरीर में प्राकृतिक तौर पर निर्मित प्रोटीन से बनाई जाती हैं।[1]

---

**बायोलॉजिक्ल दवाईयाँ** कैंसर, डायबिटीज़, गंभीर सोरायसिस, रुमेटीइड आर्थराइटिस (संधिवात गठिया), सूजन वाले बाउल (आंत) के रोग, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और किडनी (गुर्दे) के रोग जैसी बीमारियों का इलाज करती हैं। इन दवाईयों ने **हज़ारों ऑस्ट्रेलियाई लोगों के जीवन को बेहतर बनाने** में सहायता की है।[2]

---

**बायोसिमिलर दवाई जैविक** दवाई के मूल ब्रांड का अत्यधिक समान संस्करण होती है, जिसे मूल ब्रांड के पेटेंट समाप्त होने पर किसी अन्य निर्माता द्वारा बेचा जाता है।[3]

---

बायोलॉजिक्ल दवाईयों के बायोसिमिलर ब्रांड्स को ऑस्ट्रेलियाई विनियामकों द्वारा अनुमोदित किए जाने से पहले इनका **पूरी तरह से परीक्षण किया जाता है ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे मूल** बायोलॉजिक्ल ब्रांड्स **के समान ही सुरक्षित और प्रभावी होती हैं**।[3]

---

GBMA EDUCATION

8157 GBMA_Consumer_Hub_ConsumerCarer_DL_Essentials_Hindi_OL.indd 1 6/11/19 10:32 am

# बायोसिमिलर (BIOSIMILAR) दवाईयाँ

## उपभोक्ता/देखभालकर्ता के लिए आवश्यक

**Biosimilar Hub** पर जाएँ और यह जानें कि बायोसिमिलर दवाईयाँ किस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली के भविष्य का समर्थन करने में सहायता कर रही हैं।

**biosimilarhub.com.au**

# बायोसिमिलर दवा के तथ्य

## क्या आपको पता था?

बायोसिमिलर दवाईयाँ **2006 से उपलब्ध रही हैं** और अब इनका प्रयोग विश्व-भर में किया जाता है।[4] ऑस्ट्रेलिया में पहली बायोसिमिलर दवा का प्रयोग 2010 में किया गया था।[5]

ऑस्ट्रेलिया की विनियामक प्रणाली सुदृढ़ है जो बायोलॉजिक्ल दवाईयों सहित सभी दवाईयों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करती है।[6]

बायोसिमिलर दवाईयों के प्रयोग से ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली में **धन की काफी बचत** होने की संभावना है, जिसका प्रयोग नई दवाईयों या स्वास्थ्य-देखभाल प्रस्तावों को धन-राशि देने के लिए किया जा सकता है।

यह फैसला करना आपके और आपके डॉक्टर के ऊपर है कि आपके लिए कौन सी बायोलॉजिक्ल दवा सही है।

**संदर्भ: 1.** Dörner T, *et al. Ann Rheum Dis* 2013; 72(3):322–8. **2.** Aust Govt DoH: PBS. *A to Z of biological drugs and brands currently listed on the Pharmaceutical Benefits Scheme (PBS).* http://www.pbs.gov.au/info/browse/biological-medicines-currently-listed-on-the-pbs पर उपलब्ध। अप्रैल 2019 को ऐक्सेस किया गया। **3.** Aust Gov't DoH. TGA. *Biosimilar medicines regulation. v2.2 अप्रैल 2018।* https://www.tga.gov.au/sites/default/files/biosimilar-medicines-regulation.pdf पर उपलब्ध। अप्रैल 2019 को ऐक्सेस किया गया। **4.** Schiestl M, et al. *Drug Design, Dev Ther* 2017; 11: 1509–15. **5.** Aust Govt DoH. *Which biosimilar medicines are available in Australia?* http://www.health.gov.au/internet/main/publishing.nsf/content/biosimilar-which-medicines-are-available-in-australia पर उपलब्ध। मार्च 2019 को ऐक्सेस किया गया। **6.** Aust Govt DoH: Therapeutic Goods Administration. *The role of the TGA.* https://www.tga.gov.au/role-tga-0 पर उपलब्ध। अप्रैल 2019 को ऐक्सेस किया गया।

जानकारी केवल शैक्षिक और सूचना संबंधी उद्देश्यों के लिए प्रदान की गई है। थेरेपी, सेवा, उत्पाद या उपचार के बारे में दी गई जानकारी से अर्थ उसका विज्ञापन करना नहीं है और इसका प्रयोजन आपके डॉक्टर या अन्य पंजीकृत स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायी द्वारा दी जाने वाली सलाह का स्थान लेना नहीं है। इस विषय-वस्तु को ऑस्ट्रेलियाई श्रोतागणों के लिए तैयार किया गया है और यह प्रकाशन के समय सही थी। सभी उपभोक्ताओं को अपने चिकित्सीय सवालों के जवाबों के लिए हमेशा किसी पंजीकृत स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायी से सलाह लेने के लिए प्रेरित किया जाता है।

GBMA EDUCATION

**GBMA Education Ltd**
PO Box 87, Deakin West ACT 2600
biosimilarhub.com.au

October 2019
ART8157

GBMA Education इस सामग्री के उत्पादन के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा किए जाने वाले वित्त-पोषण के प्रावधान को स्वीकार करता है।

8157 GBMA_Consumer_Hub_ConsumerCarer_DL_Essentials_Hindi_OL.indd 2 6/11/19 10:32 am